# झुकेंगे नहीं: सीमा मुद्दे पर चीनी मीडिया की अकड़

**अकड़**

## ग्लोबल टाइम्स ने गालवान घाटी को फिर बताया अपना हिस्सा

■चीनी सेना ने सीमा पर की युद्ध के लिए तैयारी, बातचीत से हल नहीं निकला तो बढ़ेगा तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख सीमा विवाद को हल करने के लिए चीन और भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अफसरों के बैठक के दिन चीनी मीडिया ने भारत पर जमकर निशाना साधा है। चीन सरकार के प्रोपगेंडा अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कटाक्ष करते हुए लिखा कि सैन्य बैठक से दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कम होने की उम्मीद है, लेकिन हम सीमा मुद्दे पर नहीं झुकेंगे।

**भारत से भड़काऊ गतिविधियां रोकने को कहा:** ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारत को सीमा के पास अपने भड़काऊ गतिविधियों को तुरंत रोक देना चाहिए। इसके अलावा उन्हें चीन की सीमा का सम्मान करना चाहिए, अन्यथा इस गतिरोध का वास्तविक हल नहीं निकल सकेगा। अखबार ने यह भी लिखा कि भारतीय पक्ष को पश्चिमी मीडिया के लिए जानबूझकर बयानबाजी भी नहीं करनी चाहिए। आरोप लगाया कि पश्चिमी मीडिया का उद्देश्य चीन के शांतिपूर्ण समाधान के प्रस्ताव को ठुकराना है।



**गलवान घाटी में निर्माण कार्य रोकने को कहा:** ग्लोबल टाइम्स ने चीन ने सैन्य विशेषज्ञ सॉन्ग झोंगपिंग के हवाले से कहा कि विवादित स्थल के पास भारत और चीन के सैन्य जनरलों की बातचीत में सीमा पर फिर से शांति बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। हालांकि उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय सेना को गलवान घाटी क्षेत्र में चीन की सीमा में किसी भी प्रकार के रक्षा निर्माण को रोक देना चाहिए।

**चीन ने की सीमा पर की युद्ध की तैयारी:** चीनी सेना के नजदीकी सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि चीन के बॉर्डर डिफेंस ट्रूप्स ने सीमा पर भारतीय गतिविधियों का जवाब देने के लिए सभी तरह की तैयारियों को पूरा कर लिया है। शंघाई एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज से जुड़े हुए हू झाइयोंग ने आरोप लगाया कि कोरोना वायरस के कारण पैदा हुई स्थितियों का फायदा उठाने के लिए भारत ने पहले दबाव बनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भारतीय पक्ष को अब यह समझना चाहिए कि सीमा विवादों को दोनों पक्षों द्वारा अच्छे विश्वास से हल किया जा सकता है।

**भारत में बढ़ रही चीन विरोधी मानसिकता:** ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि चीन के प्रति विरोध की मानसिकता भारत में बढ़ रही है और इसने भारतीय नीति निर्माताओं पर दबाव डाला है। चीनी और भारतीय नेताओं ने 2018 में एक अनौपचारिक शिखर बैठक की और एक महत्वपूर्ण सहमति पर पहुंच गए थे। पिछले दो वर्षों में दोनों देशों के उच्च–रैंक के अधिकारियों के बीच लगातार संपर्क बना रहा और भारतीय नेताओं ने रणनीतिक शांति दिखाई। उम्मीद है कि इस तरह की शांति विशेषकर सीमा मुद्दे पर अग्रणी भूमिका निभाएगी।

## न्यूज डायरी





### चीन ने अपने नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया न जाने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। कोरोना वायरस से जंग के दौरान चीनी प्रशासन अपने विरोधी देशों को चुप कराने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की बैठक के दौरान यूरोपीय यूनियन के प्रस्ताव का समर्थन देना चीन को इतना नागवार गुजरा कि उसने ऑस्ट्रेलिया पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए ही साथ में अपने नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया नहीं जाने की सलाह भी दी है। बताया जा रहा है कि चीन ने यह यात्रा सलाह ऑस्ट्रेलिया में कथित तौर पर बढ़ते नस्लीय हिंसा के मद्देनजर जारी किया है। चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने हाल में ही ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका के हाथ की कठपुतली बताया था। अपने संपादकीय में ग्लोबल टाइम्स ने लिखा था कि डब्लूएचओ में यूरोपीय यूनियन के प्रस्ताव के साथ ऑस्ट्रेलिया का होना बताता है कि वह पूरे मामले में नाकाम रहा है।

### पाक में कोरोना वायरस से एक दिन में 97 की मौत, संक्रमितों की संख्या 94,000

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस ने एक दिन में 97 मरीजों की जान ले ली और 4700 से ज्यादा नए मामले सामने आए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश में मृतकों की संख्या 1,935 हो गई है।मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा ने बताया कि पंजाब में कोरोना वायरस के 35,308 के मामले हैं, जबकि सिंध में 34,889, खैबर–पख्तूनख्वा में 12,459, बलूचिस्तान में 5,776 इस्लामाबाद में 4,323, गिलगित–बाल्तिस्तान में 897 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 331 मामले दर्ज किए गए हैं। उसने बताया कि मुल्क में 4,734 नए मामले आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 93,983 हो गई है। वहीं बीमारी से 32,581 लोग ठीक हो चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान में 59,467 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिसमें 1,265 मरीजों की हालत नाजुक है। देश में 100 से ज्यादा प्रयोगशालाएं 660,508 जांच कर चुकी हैं। बीते 24 घंटे में ही 22,185 नमूनों का परीक्षण किया गया है।

### उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ संपर्क कार्यालय बंद करने की धमकी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने सीमा पर उसके खिलाफ पर्चे भेजने से कार्यकर्ताओं को नहीं रोक पाने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया की निंदा की और पड़ोसी देश के साथ एक संपर्क कार्यालय को स्थायी रूप से बंद करने की चेतावनी भी दी है। उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी का बयान शुक्रवार को आया। एक दिन पहले ही देश के नेता किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन ने कहा था कि अगर सियोल कार्यकर्ताओं को नहीं रोक पाता तो उनका देश उसके साथ तनाव कम करने के लिए 2018 में हुए सैन्य समझौते को समाप्त कर देगा। उन की बहन किम यो जोंग ने भी कहा था कि उत्तर कोरिया सीमावर्ती शहर केसांग में संपर्क कार्यालय और एक संयुक्त फैक्ट्री पार्क को भी स्थायी रूप से बंद कर सकता है जो दोनों देशों के बीच सुलह का प्रतीक रहे हैं।

### माली में नॉर्थ अफ्रीका का अलकायदा चीफ अब्देलमालेक ड्रॉकडेल ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में फ्रांस को बड़ी कामयाबी मिली है। फ्रांस ने कहा है कि माली में नॉर्थ अफ्रीका के अलकायदा चीफ अब्देलमालेक ड्रॉकडेल को मार गिराया गया है। फ्रांस की रक्षा मंत्री फ्लोरेंस पार्ली ने कहा कि माली में इस ऑपरेशन के दौरान इस्लामिक स्टेट ग्रुप के एक सीनियर कमांडर को दबोच लिया गया। यह आतंकवाद के खिलाफ बड़ी सफलता है और हमारे सैनिक इन आतंकियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखेंगे। साल 2013 से ही माली में हजारों फ्रांसीसी सैनिक तैनात हैं। ये सैनिक इस्लामिक स्टेट के आतंकियों के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। अलकायदा इस्लामिक मगरेब के हेड अब्देलमालेक नॉर्थ अमेरिका में अलकायदा के सभी ऑपरेशंस को संचालित करता था। साथ ही अलकायदा के जमात नुसरत अल–इस्लाम वल मुस्लिमिम की भी अगुवाई करता था।

## दाऊद इब्राहिम के कोरोना वायरस से मौत की अटकलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में छिपे अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के कोरोना वायरस से मौत की अटकलें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। बता दें कि शुक्रवार को इंटेलिजेंस एजेंसियों के हवाले से रिपोर्ट आई थी कि दाऊद और उसकी पत्नी कोरोना पॉजिटिव हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दाऊद और उसकी पत्नी को कराची के आर्मी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। दाऊद के पर्सनल स्टॉफ और गार्ड्स को भी क्वारंटीन किया गया है।

हालांकि, दाऊद इब्राहिम के कोरोना संक्रमित होने की

दाऊद के संक्रमित होने की खबरों को किया था खारिज

रिपोर्ट्स को उसके भाई अनीस इब्राहिम ने खारिज कर दिया है। अनीस ने दावा किया कि भाई समेत परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ हैं और कोई भी अस्पताल में भर्ती नहीं है। बता दें कि अनीस इब्राहिम ही दाऊद के डी–कंपनी को चलाता है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, दाऊद के भाई अनीस इब्राहिम ने एक अज्ञात जगह से फोन पर बताया कि दाऊद के परिवार के सभी सदस्य ठीक हैं। उनके परिवार में किसी को भी कोरोना वायरस का संक्रमण नहीं हुआ है।



**कोरोना से कम हो सकती है पुरुषों की फर्टिलिटी क्षमता!**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। चीन के वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पुरुषों की प्रजनन क्षमता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस पुरुष अंडकोष को नुकसान पहुंचा सकता है। जिससे उनमें बनने वाले स्पर्म की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। चीन में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी और गोंगई मेडिकल कॉलेज के शोधकर्ताओं ने पुरुषों के अंडकोष में वायरस के सबूत पाए हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों के टेस्टिकल्स में स्पर्म को पैदा करने वाले कोशिकाओं में परिवर्तन देखा जा रहा है। जिससे स्पर्म की क्वालिटी खराब होने का अंदेशा है।

## चीन ने अब ब्रिटेन को दी चेतावनी, हॉन्ग कॉन्ग मसले पर भुगतना पड़ेगा गंभीर परिणाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। चीन ने अब ब्रिटेन को चेतावनी देते हुए कहा कि उसने अगर हॉन्ग कॉन्ग के लिए अपनी पासपोर्ट नीति को वापस नहीं लिया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। बता दें कि चीन ने हाल में ही हॉन्ग कॉन्ग के लिए नया सुरक्षा कानून पेश किया है जिसके विरोध में कई दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। चीन ने कहा कि ब्रिटेन को अपने औपनिवेशिक राज्य को छोड़ देना चाहिए।

**क्या कहा था बोरिस जहनसन ने:** बता दें कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हाल में ही कहा था कि यदि चीन ने हांगकांग पर नया कानून जबरन लादने की कोशिश की तो ब्रिटेन भी अपने आव्रजन नियमों को बदलने के लिए तैयार है। हम हांगकांग के लाखों निवासियों को ब्रिटेन की नागरिकता के लिए एक संभावित रास्ता प्रदान करेंगे।





**कैसे ब्रिटेन के कब्जे में आया था हॉन्ग कॉन्ग:** 1942 में हुए प्रथम अफीम युद्ध में चीन को हराकर ब्रिटिश सेना ने पहली बार हॉन्ग कॉन्ग पर कब्जा जमा लिया था। बाद में हुए दूसरे अफीम युद्ध में चीन को ब्रिटेन के हाथों और हार का सामना करना पड़ा। इस क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए 1898 में ब्रिटेन ने चीन से कुछ अतिरिक्त इलाकों को 99 साल की लीज पर लिया था। ब्रिटिश शासन में हॉन्ग कॉन्ग ने तेजी से प्रगति की।

**चीन को सौंपने की कहानी:** 1982 में ब्रिटेन ने हॉन्ग कॉन्ग को चीन को सौंपने की कार्रवाई शुरू कर दी जो 1997 में जाकर पूरी हुई। चीन ने एक देश दो व्यवस्था के तहत हॉन्ग कॉन्ग को स्वायत्तता देने का वादा किया था। चीन ने कहा था कि हॉन्ग कॉन्ग को अगले 50 सालों तक विदेश और रक्षा मामलों को छोड़कर सभी तरह की आजादी हासिल होगी। बाद में चीन ने एक समझौते के तहत इसे विशेष प्रशासनिक क्षेत्र बना दिया।

## अमेरिकी महिला का दावा, पाक के पूर्व गृहमंत्री रहमान मलिक ने उसका किया था रेप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी महिला सिंथिया डान रिची ने दावा किया है कि पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री रहमान मलिक ने इस्लामाबाद स्थित प्रेसिडेंट हाउस में उसके साथ बलात्कार किया था। इतना ही नहीं, रिची ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री युसूफ रजा गिलानी और उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया। रिची के इस दावे से पाकिस्तान की सियासत में उफान आ गया है। फेसबुक पर लाइव सेशन के दौरान रिची ने कहा कि 2011 में रहमान ने उसके साथ रेप किया। उस वक्त पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) सत्ता में थी। पीपीपी के दूसरे नेताओं ने भी उसका शोषण किया। इस मामले में अब रीचा ने जांच की मांग की है। रिची का कहना है कि उसके पास इसको लेकर कई सबूत हैं और वह जरूरत पड़ने पर उसे जरूर पेश करेंगी। सिंथिया ने कहा, मैंने साल 2011 में अमेरिकी दूतावास में एक शख्स को इस बारे में जानकारी दी थी। उस वक्त कठिन हालात और अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंधों के कारण कोई खास मदद नहीं मिली।